प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस सप्ताह का समापन

पंतनगर। 17 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस सप्ताह का समापन आयोजन आज गांधी हाल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह एवं प्राध्यापक एवं सचिव एल्यूमिनाई एसोसिएसन (4ए) तथा स्थापना दिवस सप्ताह के नोडल अधिकारी, डा. जे.पी. जायसवाल मंचासीन थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मिसाइल वैज्ञानिक, डा. अरूण तिवारी ऑनलाइन उपस्थित थे।

अपने संबोधन में कुलपति डा. मनमनोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि 1972 बैच के एल्यूमिनाईयों ने 50 वर्ष पूर्व विश्वविद्यालय में विद्यार्थी के रूप में शिक्षा प्राप्त की और इनके इस लगन से लगता है कि विश्वविद्यालय से इनका जुड़ाव विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। डा. चौहान ने सभी से विश्वविद्यालय को सर्वोपरि रखने के लिए विश्वविद्यालय हित में कार्य करने हेतु सभी को प्रण लेने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि, डा. अरूण तिवारी ने भी ऑनलाइन व्याख्यान से सभी उपस्थितजनों के साथ अपने अनुभवों को साक्षा किया। कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उच्च पदों पर आसीन है और वे विद्यार्थी पंतनगर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। डा. जे.पी. जायसवाल ने 63वें स्थापना सप्ताह पर हुए कार्यक्रमों की विस्तापूर्वक रूप–रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस सप्ताहिक समारोह के दौरान गणमान्य विभूतियों यथा पदमश्री प्रेमचन्द्र शर्मा, पद्मश्री डा. माधुरी बर्थवाल एवं पद्मविभूषण, डा. अनिल प्रकाश जोशी ने अपने अनुभवों को साझा किया। डा. के.पी. रावेरकर ने विभिन्न अवार्ड की घोषणा की गई जिनमें एआईयू डा. एस. राधाकृष्णन बेस्ट टीचर रिसर्चर अवार्ड डा. जे.पी. जायसवाल, प्राध्यापक, पादप प्रजनन विभाग, कृषि महाविद्यालय तथा एआईयू अवार्ड पब्लिशड एन आर्टिकल विथ द हाइएस्ट इम्पैक्ट फैक्टर, डा. अनीता शर्मा, प्राध्यापक, माइक्रोबायलॉजी, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय को दिया गया। साथ ही एआईयू बेस्ट पीएच.डी. थिसिस अवार्ड क्रमशः डा. पृथ्वीराज डे, डा. चिनेश पटेल, डा. अंजली जोशी, डा. विजय जोशी, डा. प्रतिभा रावत, डा. ज्योति काण्डपाल एवं डा. स्वेता सूरी को प्रदान किया। डा. बृजेश सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार के पुरस्कार एवं अवार्डों की घोषणा की गयी जिनमें लेट. श्री वरूण पंवार मेमोरियल अवार्ड, डा. एस.के. मुखर्जी स्कालरशिप, डा. ए.एन. मुखोपाध्याय गोल्ड मैडल, डा. एस.के. शर्मा अवार्ड, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग स्कालरशिप, डा. अमित गौतम अवार्ड, श्रीमती विमला रानी मैमोरियल अवार्ड एवं मोसेंटो स्कालरशिप विद्यार्थियों को प्रदान किये गये। साथ ही तीसरी इंटर कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी वाद–विवाद प्रतियोगिता हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में विजित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा तीसरी इंटर कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी वाद–विवाद प्रतियोगिता हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में कृषि महाविद्यालय को चैपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गयी। माननीय कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड, श्री गणेश जोशी जी का संदेश डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा पढ़ा गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने सभी उपस्थितजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य, एल्यूमिनाई, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।